आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 22.04.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- पोप फ्रांसिस के निधन पर उन्हें दुनिया भर से श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वैश्विक नेताओं ने करुणा और विनम्रता की उनकी विरासत की सराहना की।
- इस वर्ष मार्च में देश का बुनियादी ढांचा उत्पादन तीन दशमलव आठ प्रतिशत बढा।
- द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने श्री विजयपुरम और मुख्यभूमि के शहरो के बीच हवाई किराया कम करने के लिए सरकार से आग्रह किया है।
- सेल्युलर जेल में लाइट एण्ड साउंड शो तकनीकी कारणों से स्थगित।

<><><><><><><>

भारत का बुनियादी ढांचा उत्पादन इस वर्ष मार्च में वार्षिक आधार पर तीन दशमलव आठ प्रतिशत बढ़ा। पिछले महीने सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन सकारात्मक वृद्धि के साथ दर्ज किया गया। वित्तीय वर्ष – 2025 के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों के संयुक्त सूचकांक की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में चार दशमलव चार प्रतिशत रही। आठ प्रमुख उद्योग उन वस्तुओं के भार का चालीस दशमलव सत्ताईस प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं, जो औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में शामिल हैं।

<><><><><><><>

भारत का बुनियादी ढांचा उत्पादन इस वर्ष मार्च में वार्षिक आधार पर तीन दशमलव आठ प्रतिशत बढ़ा। पिछले महीने सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन सकारात्मक वृद्धि के साथ दर्ज किया गया। वित्तीय वर्ष – 2025 के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों के संयुक्त सूचकांक की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में चार दशमलव चार प्रतिशत रही। आठ प्रमुख उद्योग उन वस्तुओं के भार का चालीस दशमलव सत्ताईस प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं, जो औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में शामिल हैं।

<><><><><><><>

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस वर्ष फरवरी माह के दौरान कुल सोलह लाख दस हजार सदस्यों की वृद्धि दर्ज की है। यह फरवरी 2024 की तुलना में लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस वृद्धि का श्रेय बढ़ते रोजगार के अवसरों, कर्मचारी लाभों के प्रति बढ़ती जागरूकता

और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की प्रभावी जन–संपर्क पहलों को दिया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के डेटा के अनुसार फरवरी 2025 में लगभग सात लाख उनतालीस हजार नए सदस्य जोड़े गए। डेटा से यह भी पता चलता है कि अट्ठारह से पच्चीस वर्ष की आयु वर्ग में चार लाख सत्ताईस हजार नए सदस्य शामिल हुए। इसी महीने के दौरान लगभग दो लाख आठ हजार महिलाएं भी नए सदस्य के रूप में जुड़ीं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में एक दशमलव दो छह प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने श्री विजयपुरम से कोलकाता, चेन्नई, विशाखापत्तनम, बैंगलुरू, दिल्ली, भुवनेश्वर और अन्य मुख्य भूमि के शहरों के बीच संचालित उड़ानों पर अनुचित रूप से उच्च हवाई किराए पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने द्वीप समूह के निवासियों के लिए सामर्थ्य और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए उड्डयन मंत्रालय से हवाई किराया संरचनाओं को विनियमित और युक्तिसंगत बनाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उन्होंने द्वीपों में रहने वाले तमिल समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए चेन्नई के माध्यम से मदुरै और पोर्ट ब्लेयर के बीच सीधी उड़ान शुरू करने का भी अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की कलकत्ता बेंच की ओर से श्री विजयपुरम में अट्ठाईस अप्रैल से दो मई तक सर्किट कोर्ट लगेगी। इसमें नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उन्हें सरकारी वकील से दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। विभागाध्यक्षों से भी कहा गया है कि वे सुनवाई के दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने नोडल अधिकारियों को कोर्ट में उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में लाईट एंड साउंड–शो अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

<><><><><><><>

खेल विभाग द्वारा श्री विजयपुरम स्थित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के फुटबॉल मैदान में पुरुषों के लिए डे एंड नाइट स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट फुटबॉल टूर्नामेंट–2025 का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट में युवा क्लबों, सरकारी संस्थानों और निजी संस्थानों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खेल निदेशक विक्रम सिंह ने

मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में उनकी सफल भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में चौबीस टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच मेशाक स्पोर्टिंग क्लब और जे एन आर एम के बीच खेला गया, जिसमें जे एन आर एम टीम ने मेशाक स्पोर्टिंग क्लब को एक–शून्य से हराया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में पहली बार आयोजित होने वाला फिडे रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट–अंडमान निकोबार शतरंज महासंग्राम, कल शाम नेताजी स्टेडियम में संपन्न हुआ। इसमें पूरे द्वीपसमूह से आए छह सौ से अधिक शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में ओपन श्रेणी के अलावा, विभिन्न आयु वर्ग श्रेणियों के विजेताओं को भी उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा अंडर–7, अंडर–9, अंडर–11, अंडर–13, अंडर–15 जैसी श्रेणियों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई।

<><><><><><><>

पशु चिकित्सा कम्पाउंडर के पद के लिए पात्र और अपात्र उम्मीदवारों की अंतिम सूची पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की वेबसाइट और अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट पर आज अपलोड की जाएगी।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से आगामी जून–2025 टी ई ई परीक्षा के लिए ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के अट्ठाईस अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म उनतीस अप्रैल से चार मई तक ग्यारह सौ रूपए के विलंब शुल्क के साथ भरा जा सकता है। जून–2025 टी ई ई के लिए परीक्षा का संभावित कार्यक्रम इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्रहवें सिविल सेवा दिवस पर सिविल सेवकों को संबोधित करने की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी प्रमुख खबर बनाई है। आज अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। द्वीप समाचार ने उपराज्यपाल के संदेश को प्रमुखता देते हुए बॉक्स में जगह दी है। अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सांसद द्वारा श्री विजयपुरम और मुख्यभूमि के बीच अत्याधिक हवाई किराए को विनियमित करने के लिए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की खबर को प्रमुखता दी है। इंफो इंडिया ने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत श्री विजयपुरम में सन्डे ऑन साइकिल आयोजित किए जाने की खबर को पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। द इको ऑफ

इंडिया ने पहाड़गांव पुलिस टीम की ओर से चार सौ ग्राम से अधिक नशीले पदार्थ ज़ब्त किए जाने और पांच लोगों की गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>